हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
**रोहतक**, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 17.8 डिग्री

13 छात्राओं ने रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया



14 नागरिक अस्पताल को जल्द मिलेंगी चार एंबुलेंस




## खबर संक्षेप

### दोस्तों के साथ पार्टी करने गए युवक की संदिग्ध मौत

**गोहाना।** गांव छपरा में दोस्तों के साथ पार्टी करने गए युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। युवक के सिर में हल्की चोट लगी है। युवक के दोस्तों ने स्वजन को बताया कि वह अचानक गिर गया और रोड़ी सिर में लगने से उसे चोट लगी। बरोदा थाना की पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया। गांव छपरा के भैयाराम ने पुलिस को बताया कि उसके 25 वर्ष के भतीजे दीपांशु की नवंबर में शादी होनी थी। बुधवार को दीपांशु व उसके गांव के दोस्त गांव में ही पार्टी करने गए थे। वे धनाना रोड की तरफ खेतों में गए थे। उसके दोस्तों ने बताया कि दीपांशु हार्टअटैक आने से अचानक बेहोश हो गया और रोड पर गिरकर उसके सिर में रोड़ी लगी। दोस्त उसे उठाकर गांव के एक निजी चिकित्सक के पास लेकर गए। उसके बाद शहर के एक निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

### युवक पर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने तेजधार हथियार से युवक पर हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अरमान निवासी बेगा और दीपक उर्फ जोगी निवासी न्यू बाबा कॉलोनी, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।पुलिस के अनुसार, 16 अगस्त 2025 को मोहम्मदाबाद निवासी यश ने शिकायत दी थी कि वह अपने दोस्त की बाइक पर कबीरपुर से घर लौट रहा था। परशुराम चौक के पास कृष्ण, डोगा, जोगी, अरमान, पारस हरियाणा और रामदिया कबाड़ी का लड़का सहित कुछ अन्य युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और रॉड, तलवार व लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### शिविर में 69 लोगों की जांच कर दवाइयां वितरित

**सोनीपत।** आयुष विभाग, सोनीपत ने जनस्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। जाट भवन, सोनीपत में आयोजित शिविर में डा. बीरमति एएमओ, बिमला देवी आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट और योग सहायक पवन के सहयोग से स्वास्थ्य जांच की गई और औषधीय पौधों का वितरण किया गया। इस शिविर में 69 लोगों की जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता दी गई, जैसे मोटापा, चीनी और तेल के अत्यधिक सेवन प्रयोग न करने को प्रेरित किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी के 17 के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

# 20 एकड़ में लग रहा पंडाल, 35-35 एकड़ में चार पार्किंग की जा रही तैयार, फ्लाईओवर तथा अन्य जगहों पर पेंटिंग बनाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 अक्टूबर को राई स्थित एजुकेशन सिटी में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के सभी प्रोटोकॉल पर गंभीरता से चर्चा की और उन्हें फोलो करने के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए। चण्डीगढ बैठक में मौजूद उपायुक्त सुशील सारवान ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को कार्यक्रम मैप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम स्थल के लिए चिन्हित की गई लगभग 35 एकड़ भूमि को अच्छी तरह लेवलिंग कर उसमें से लगभग 20 एकड़ पर पंडाल लगाने का कार्य शुरू किया गया है।




## अतिरिक्त मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा

इसके अलावा कार्यक्रम स्थल के नजदीक ही 35-35 एकड़ की चार जगहों को पार्किंग के लिए निर्धारित किया गया है। इसके अलावा पार्किंगों में अलग-अलग जिलों की व्यवस्था की गई है और उसी के हिसाब से रूट तैयार किया गया है ताकि किसी प्रकार के जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अलावा हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई में प्रधानमंत्री के लिए हैलीपेड बनाया जा रहा है।बैठक में पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने बताया कि कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए वीवीआईपी रूट भी निर्धारित कर लिया गया है। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस कर्मचारियों व सीसीटीवी की व्यवस्था कर दी गई है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

### पेड़-पौधों की कटिंग के अलावा रूट को भव्य रूप दिया जा रहा : आयुक्त

बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सफाई से संबंधित कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा वहां पर स्थित फ्लाईओवर तथा अन्य जगहों पर पेंटिंग बनाई जा रही है। ताकि आयोजन स्थल को भव्य रूप दिया जा सके। इसके अलावा उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जिस रूट से कार्यक्रम स्थल पर पहुचेंगे वहां पर भी पेड़-पौधों की कटिंग के अलावा रूट को भव्य रूप से सजाने की योजना तैयार की गई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कार्यक्रम के दौरान जिन परियोजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन होना है उनकी भी संबंधित विभागों से चर्चा की।

टायर पंचर होने पर सड़क किनारे खड़ी थी पिकअप वैन, पांच घायल

# सब्जी से भरी पिकअप वैन को कैंटर ने पीछे से टक्कर मारी, दो किसानों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-334बी पर बुधवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो किसानों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब सब्जी से भरी एक पिकअप वैन को पीछे से तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। सभी किसान उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के रहने वाले थे और सब्जी बेचने के लिए दिल्ली की आजादपुर मंडी जा रहे थे। टक्कर के बाद कैंटर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, बहालगढ़ थाना पुलिस को बुधवार रात करीब सवा ग्यारह बजे सूचना मिली कि खेवड़ा बाईपास के पास दो वाहनों की टक्कर में कई लोग घायल हो गए है। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को राहगीरों की मदद से नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस जांच में सामने आया कि सब्जी से भरी पिकअप वैन सड़क किनारे खड़ी थी, क्योंकि उसका टायर पंक्चर हो गया था। चालक ललित टायर को निकालकर मिस्त्री के पास ले गया था। इसी दौरान पीछे से आ रहे कैंटर ने वैन में जोरदार टक्कर मार दी।

**बागपत के किसान सब्जी बेचने आजादपुर मंडी जा रहे थे**



**सोनीपत।** हादसे में क्षतिग्रस्त कैंटर व मृतकों के परिजन।

### घायल रोहतक पीजीआई रेफर

घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां से उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उन्हें उपचार के लिए बागपत ले गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जांच अधिकारी एएसआई संदीप के अनुसार, आरोपित कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं वाहन जब्त कर लिया गया है। हादसे के बाद चालक फरार है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

हादसे में अक्षय(16)और साकिब (20) दोनों निवासी दोझा गांव जिला बागपत की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में अरुण, आरिफ, आसिफ, कशिक और रियाजुद्दीन शामिल है।

दोषियों पर जुर्माना भी लगाया

## छात्रा से दुष्कर्म के दोषियों को 20-20 साल की कैद

**सोनीपत।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दसवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित और उसके सहयोगी को दोषी करार देते हुए 20-20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने मुख्य आरोपी



सूरज पर 52 हजार रुपये और उसके मददगार मनोज पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले के अनुसार, सोनीपत निवासी एक महिला ने 14 फरवरी 2024 को सिविल लाइन थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि उनकी 15 वर्षीय बेटी, जो दसवीं कक्षा की छात्रा है, की सोशल मीडिया पर दोस्ती पानीपत निवासी सूरज नाम के युवक से हुई थी। बाद में सूरज ने उसके मोबाइल नंबर पर बातचीत शुरू कर दी। 13 फरवरी 2024 को छात्रा जब स्कूल जाने के लिए निकली तो स्कूल के बाहर सूरज अपने दोस्त मनोज के साथ बुलेट बाइक पर मिला। दोनों छात्रा को बहला-फुसलाकर मुरथल स्थित एक होटल में ले गए। वहां सूरज का दोस्त मनोज होटल के बाहर रुक गया, जबकि सूरज छात्रा को कमरे में लेकर गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद सूरज ने छात्रा को स्कूल के बाहर छोड़ दिया और धमकी दी कि यदि उसने किसी को बताया तो उसके परिवार को जान से मार देगा। लड़की ने परिजनों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

मनदीप हत्याकांड मामला

## इंस्टाग्राम आईडी विवाद में की थी हत्या

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सारंग रोड पर मनदीप हत्याकाड़ में गिरफ्तार चार आरोपितो का पुलिस ने रिमांड अवधि के दौरान अदालत में पेश किया। अदालत ने चारो आरोपित मोनू उर्फ केरा और देव निवासी सलीमसर माजरा, सागर उर्फ गोगी निवासी तिहाड़ खुर्द तथा अंकुश निवासी सिसाना न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस वारदात में शामिल अन्य आरोपितो की तलाश कर रही है। मामले की शिकायत मृतक के पिता सत्यनारायण निवासी रिठाल, रोहतक ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी थी। उन्होंने बताया कि मंदीप सोनीपत के गांव शहजादपुर में अपनी बहन के घर रहकर पढ़ाई करता था और शहर के एक कोचिंग सेंटर में तैयारी कर रहा था। वापस लौटते समय उसके बेटे पर चाकूओं से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। मृतक के पिता के बयान पर पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने वारदात में शामिल चोर आरोपितो को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा था। पुलिस से जानकारी मिली है कि जांच के दौरान आरोपित मोनू उर्फ केरा ने कबूल किया कि उसने ही मंदीप पर चाकू से वार किया था। उसने खुलासा किया कि वारदात से कुछ दिन पहले ही उसने शहर के सुभाष चौक स्थित एक मॉल से करीब 125 रुपये में चाकू खरीदा था। वारदात के बाद उसने यह चाकू महलाना रोड स्थित एक मकान में छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है।

- **रिमांड खत्म होने पर कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेजा**

## रोशनपुर में ब्रेजा में चार बकरियां डालकर कार चालक फरार, केस

**गन्नौर।** रोशनपुर गांव में देर रात चोरों ने घर के बाहर बने पिंजरे से चार बकरियां चोरी कर ली। पशुपालक ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में गांव बेगा निवासी नदीम ने बताया कि वह फिलहाल रोशनपुर गांव में रहता है। उसने रात में अपनी 11 बकरियों को पिंजरे में बंद किया था। करीब साढ़े तीन बजे अचानक ताले टूटने की आवाज सुनाई दी। बाहर निकलकर देखा तो सफेद रंग की ब्रेजा गाड़ी में दो व्यक्ति बकरियां डाल रहे थे। शोर मचाने से पहले ही चोर चार बकरियां लेकर फरार हो गए। नदीम ने खुद तलाश की, पर कोई सुराग नहीं मिला। बाद में उन्होंने थाना बडी में शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले ताकि आरोपियों का सुराग लग सके।

रेलवे से दीवार के साथ रास्ता छोड़ने का प्रस्ताव, बदले में निगम देगा भूमि

# ज्ञान नगर व ईदगाह कॉलोनी के लिए 10 फुट रास्ता देने को लेकर लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ज्ञान नगर और ईदगाह कॉलोनीवासियों को रेलवे लाइन के साथ 10 फुट चौड़ा रास्ता देने को लेकर नगर निगम आयुक्त ने महाप्रबंधक उत्तर रेलवे को पत्र लिखा है। आयुक्त ने प्रस्ताव दिया है कि यदि रेलवे दोनों कॉलोनियों से 10 फुट का रास्ता छोड़कर दीवार बनाता है तो निगम बदले में रेलवे विभाग को जमीन देने के लिए तैयार है। पत्र क्रमांक 3226, दिनांक 6 अक्टूबर 2025 को भेजे गए पत्र में नगर निगम ने लिखा है कि रेलवे ने रेल ट्रैक की सुरक्षा के लिए दीवार खड़ी कर दी है, जिससे कॉलोनीवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ईदगाह कॉलोनी में तो रास्ता इतना संकरा हो गया है कि लोगों को एक-दूसरे की छतों से होकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं, पीने के पानी की लाइन और सीवर लाइन दीवार के उस पार होने के कारण जन सुविधाओं में बाधा उत्पन्न हो गई है। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां भी अब घरों तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

### घर छोड़ने की नौबत

पत्र में उल्लेख किया गया है कि रेलवे ने पहले सुंदर सांवरी समेत कई कॉलोनियों को 10 फुट रास्ता देने का प्रस्ताव मंजूर किया था और बदले में गांव जगदीशपुर में रेलवे को जमीन आबंटित कर दी गई थी। लेकिन जब दीवार निर्माण की बारी आई, तो ईदगाह कॉलोनी और ज्ञान नगर के पीछे रास्ता नहीं छोड़ा गया और दीवार सीधे घरों से सटाकर बना दी गई। दोनों कॉलोनियों के निवासी पिछले दो वर्षों से इस समस्या का सामना कर रहे हैं और अपने घर खाली करने की स्थिति में हैं।

### योजना को सिरे चढ़ाया जाएगा : मेयर



सुंदर सांवरी समेत सभी कॉलोनियों को रास्ता दिलवाने के प्रयास वर्ष 2020 में शुरू किए गए थे। इस संबंध में दिल्ली जाकर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा गया था। हालांकि कुछ कॉलोनियों को अभी तक रास्ता नहीं मिल पाया है, जिसे सिरे चढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं।

-**राजीव जैन**, मेयर नगर निगम



## खबर संक्षेप

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर 7.80 लाख ठगे

**गोहाना।** गांव मिर्जापुर खेड़ी के ग्रामीण ने सेना में मेजर व उसके स्वजन पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 7.80 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। जब नौकरी नहीं मिली तो उसने रुपये वापस मांगे। आरोपित ने फोन उठाने बंद कर दिए। इस पर उसने विभिन्न स्तर पर शिकायत की, जिस पर आरोपित ने उसे धमकाया भी। अब उसकी शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। कृष्ण ने पुलिस को बताया कि चरखी दादरी में गांव खावड़ का हरीश कौशिक सेना में मेजर है।

### आमजन को जागरूक करेंगे कांग्रेसी : इंदुराज

गोहाना। गुरुवार को बरोदा विधानसभा के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल के गोहाना में बरोदा रोड स्थित कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई गई। बैठक में कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई। अभियान के तहत कार्यकर्ता हर गांव में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। विधायक इंदुराजन नरवाल ने कहा कि केंद्रीय चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत से मतदाता सूचियों में धांधली की जा रही है।

### रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में गुरुवार को बड़े उत्साह और उमंग के साथ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह एक अंतर सदन रंगोली प्रतियोगिता थी, जिसमें विद्यालय के तीन सदनों सत्यम्, शिवम् और सुंदरम् के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कला, सृजनात्मकता एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का पूरा वातावरण रंग-बिरंगी और आकर्षक रंगोलियों से सजा हुआ दिखाई दिया। प्रतियोगिता को तीन समूहों में विभाजित किया गया।

### वाल्मीकि आश्रम में भव्य सत्संग समारोह 12 को

**गन्नौर।** ललहेड़ी रोड स्थित वाल्मीकि आश्रम में 12 अक्टूबर (रविवार) को आश्रम गन्नौर परिसर में एक भव्य सतसंग समारोह का आयोजन किया जाएगा। आध्यात्मिक कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। आश्रम के संचालक रवि शाह महाराज ने बताया कि सतसंग समारोह में संत महात्मा समाज को धर्म, सदाचार और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश देंगे। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, प्रवचन और आत्म चिंतन के माध्यम से उपस्थित जनों को जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी जाएगी।

### छात्राओं ने प्राध्यापिकाओं को लगाई सुंदर मेहंदी

**सोनीपत।** करवाचौथ महोत्सव के उपलक्ष्य में जीवीएम गर्ल्ज कालेज में मेंहदी रचाओ पर्व का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन के साथ समस्त कालेज परिवार को करवाचौथ की बधाई दी। करवाचौथ के उपलक्ष्य में जीवीएम में गुरूवार का दिन उत्सव के रूप में मनाया गया, जिसमें विशेष रूप से मेंहदी रचाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कालेज की छात्राओं ने अपनी प्राध्यापिकाओं को मेंहदी लगाई। कालेज परिसर में पारंपरिक गीतों व उल्लास भरे वातावरण में यह आयोजन किया गया। प्राचार्या सहित प्राध्यापिकाओं रोहिणी मदान, प्रियंका, रोजी संगीता आदि मौजूद रही।

### छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की सुविधा मिले

**खरखौदा।** रिटायर्ड एक्सियन एवं समाजसेवी धर्मवीर दहिया ने खरखौदा में प्रेस वार्ता की। जिसमें कहा कि खरखौदा एजुकेशन सोसाइटी की स्थापना विद्यार्थियों के कल्याण के उद्देश्य से की गई थी। इस सोसाइटी ने हमेशा शिक्षा और बेटियों की प्रगति के लिए कार्य किया है। भविष्य में विवि की स्थापना की योजना है, ताकि छात्राओं को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा की बेहतर सुविधा मिले।

---

*नोटिफिकेशन में देरी होने के कारण जताई नाराजगी*

# पटवारी-कानूनगो वर्ग ने दिया धरना, हड़ताल की चेतावनी

## नवनियुक्त पटवारियों के हितों की अनदेखी पर भड़की एसोसिएशन

**एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। धरने के दौरान मौजूद पटवारी, कानूनगो एवं अन्य।

नवनियुक्त पटवारियों की लंबित मांगों को लेकर हरियाणा पटवारी-कानूनगो एसोसिएशन का रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में एसोसिएशन ने गुरुवार को लघु सचिवालय परिसर में सांकेतिक धरना देकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मुख्यमंत्री की घोषणा का नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ तो प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। पदाधिकारियों ने बताया कि 7 जनवरी को पंचकूला में मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त पटवारियों के लिए अहम घोषणा की थी। इसके तहत ट्रेनिंग अवधि डेढ़ वर्ष से घटाकर एक वर्ष करने, प्रशिक्षण अवधि को सेवा अवधि में शामिल करने और पूर्ण वेतनमान देने का निर्णय लिया गया था। लेकिन 10 माह बीत जाने के बाद भी इस घोषणा को लेकर कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस देरी से प्रशिक्षणरत पटवारियों का मनोबल टूट रहा है।

**ठोस कदम उठाए जाएंगे**

नवनियुक्त पटवारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रदेश भर के पटवारी व कानूननो ने वीरवार को एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें सरकार से वादा निभाने और मुख्यमंत्री की घोषणा को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की गई है। यदि मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो ठोस कदम उठाए जाएंगे।
*सन्नी दहिया, महासचिव, दी रेवेन्यु पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन*

**आर्थिक तंगी से जूझ रहे**

आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। भू-अभिलेख निदेशालय द्वारा एक अक्टूबर से तीन माह के लिए प्रशिक्षण पटवारियों को स्वतंत्र हल्के का प्रभार देने का पत्र जारी किया गया था, लेकिन वह भी अधर में लटक गया। इससे प्रशिक्षण प्रक्रिया ठप हो चुकी है और नवनियुक्त पटवारियों का भविष्य असमंजस में फंसा हुआ है। धरने पर शामिल सभी ने एक सुर में सरकार से मांग की कि मुख्यमंत्री की घोषणा पर तुरंत अमल किया जाए और नोटिफिकेशन जारी किया जाए। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने अब भी तत्परता नहीं दिखाई तो दीपावली के बाद प्रदेशभर में हड़ताल की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**पटवारखानों पर ताला**

धरने में 19 कानूनगो, 76 कार्यरत पटवारी और 188 प्रशिक्षणरत पटवारियों ने भाग लिया। धरने के चलते जिलेभर में कई पटवारखानों में कामकाज ठप रहा और कार्यालयों पर ताले लटके नजर आए। इससे जमीन से जुड़ी फाइलों और राजस्व कार्यों के लिए आए लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान पटवारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मांगें पूरी न होने पर काली दिवाली मनाने की घोषणा की।

**काली दिवाली मनाई जाएगी**

नायब तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में एसोसिएशन ने कहा कि यदि जल्द ही मुख्यमंत्री की घोषणा को अमल में नहीं लाया गया, तो पटवारी-कानूनगो वर्ग को मजबूरन काली दिवाली मनानी पड़ेगी। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने तत्परता नहीं दिखाई, तो दीपावली के बाद प्रदेश स्तर पर हड़ताल की जाएगी।
कहा कि यदि जल्द ही मुख्यमंत्री की घोषणा को अमल में नहीं लाया गया, तो पटवारी-कानूनगो वर्ग को मजबूरन काली दिवाली मनानी पड़ेगी।

---

# एसडीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना




गोहाना। एसडीओ के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन का सिटी सब डिविजन कार्यालय में धरना गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने सिटी सब डिविजन एसडीओ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए टेक्रिकल कर्मचारियों की ड्यूटी कार्यालय की बजाए फील्ड में लगाने की मांग की। कर्मचारियों ने कार्यालय में पहले भी धरना दिया था। यूनियन के अध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया कि सिटी सब डिविजन एसडीओ द्वारा टेक्रिकल कर्मचारियों की ड्यूटी कार्यालय में लगा रखी है जबकि कायदे से इस स्टाफ की ड्यूटी फील्ड में होनी चाहिए।

**ड्यूटी दोबारा कार्यालय में लगाई**

इसके विरोध में बिजली कर्मचारियों ने सितम्बर के महीने में तीन दिन तक कार्यालय में धरना दिया था। 27 सितंबर को यूनियन का एसडीओ के साथ समझौता हो गया था कि टेक्रिकल कर्मचारियों की ड्यूटी फील्ड में लगा दी जाएगी। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया था। अब एसडीओ द्वारा टेक्रिकल स्टाफ की ड्यूटी दोबारा से कार्यालय में लगा दी गई। इसके विरोध में कर्मचारियों 8 अक्तूबर को दोबारा से अपना धरना शुरू किया। गुरुवार को धरने के दूसरे दिन कर्मचारियों ने एसडीओ के खिलाफ प्रदर्शन किया। यूनियन की गोहाना यूनिट अध्यक्ष नितेश शर्मा ने कार्यकारी अभियंता को भी इस बारे में लिखित में अवगत कराया। लेकिन कार्यकारी अभियंता द्वारा भी इस मामले में कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई।



खरखौदा। शिक्षकों के साथ प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थी।

## निबंध प्रतियोगिता में आयुष प्रथम

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका नीरा के द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक था- गांधी जी मानवता के पथप्रदर्शक। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को गांधी जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे एक बेहतर इंसान बन सके तथा देश व समाज के विकास में अपना योगदान दे सकें। विद्यार्थियों ने भी गांधी जी के सत्य, अहिंसा और त्याग जैसे गुणों को अपने जीवन में शामिल करने और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने के लिए संकल्प लिया। डॉ रजनीश कुमारी, डॉ अनीता राणा और सुमन रानी ने इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में आयुष बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम, पायल बीए प्रथम वर्ष ने द्वितीय तथा बेबी मेहरा बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की प्राथमिकता : डॉ. दीपाली

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि के शिक्षा विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. वरुणा तेहलान दहिया ने की। मंच संचालन डॉ. गोल्डी गुप्ता ने किया। सामाजिक कार्य विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपाली ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की प्राथमिकता होती है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन में कुछ कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य को देखा नहीं जा सकता बस अनुभव किया जा सकता है। एक शिक्षक होने के नाते ये हमारा कर्तव्य बनता है कि हम अपने विद्यार्थियों की समस्या को सुनें व समझें। विद्यार्थियों के लिए कभी भी नकारात्मक शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। अंग्रेजी विभाग के प्रो. रवि भूषण ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण विषय है। भौतिकवादी युग में मानव में तनाव का स्तर बहुत बढ़ गया है। अपनी भावनाओं को साझा करके ही हम अपने मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ रख रखते हैं। ब्रह्मकुमारी वक्ता आशीष व ब्रह्माकुमारी के अंतरराष्ट्रीय वक्ता मिशेल साइमन ने भी अपने विचार साझा किए।

---

### तविष ने जीता हॉकी में गोल्ड मेडल

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल के छात्र तविष गुलिया ने हॉकी में गोल्ड मैडल प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल स्टेट गेम्स का आयोजन रोहतक शहर में हुआ था। इसमें 18 टीम ने भाग लिया और अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देने की पूरी कोशिश की। सोनीपत की टीम ने इसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया। तविष गुलिया ने इसमें सेंटर फॉरवर्ड साइड में खेला और उसका प्रदर्शन शानदार रहा। खेल के दौरान उसने 2 गोल भी किए। अब वह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयारी कर रहा है। स्कूल प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने तविष को स्कूल पहुंचने पर सम्मानित किया।



ब्राइट स्कॉलर स्कूल में विजेता खिलाड़ी के साथ प्राचार्या एवं अन्य।



सर छोटूराम स्कूल में विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि एवं अन्य।

### 58वीं स्कूल स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता

**सोनीपत।** सर छोटूराम मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रतनगढ़ माजरा में आयोजित 58वीं स्कूल स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की टीमों ने उच्च स्तर का खेल प्रदर्शन किया। आज के उद्घाटन अवसर पर सोनीपत बास्केटबॉल एसोसिएशन के प्रमुख सचिन (चिनू), देवेंद्र दहिया, चेयरमैन जगदीश लोहचब और प्रधानाचार्य डॉ. मेहर सिंह आर्या संयुक्त रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। क्वार्टर फाइनल में अंडर-19 वर्ग में महेंद्रगढ़ ने सिरसा को 28-20 के अंतर से हराकर सेमी-फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-17 वर्ग : सोनीपत ने पानीपत को 42-22 के अंतर से पराजित कर सेमी-फाइनल में जगह बनाई। आज के मुकाबलों में दोनों विजेता टीमों ने बेहतरीन टीम वर्क, रणनीति और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। अगले चरण में ये टीमें सेमी-फाइनल में प्रवेश करेंगी और खिताब की दौड़ में महत्वपूर्ण मुकाबले होंगी।

### सीआरए कॉलेज में दिव्या की मेहंदी अव्वल

**सोनीपत।** सीआरए कॉलेज, सोनीपत के महिला प्रकोष्ठ ने वीरवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. उषा दहिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया और आयोजन समिति की सदस्य डॉ. निधि और सुश्री सुप्रिया द्वारा समन्वित किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जटिल और पारंपरिक मेहंदी डिजाइनों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में दिव्या प्रथम, करिश्मा द्वितीय, छाया तृतीय और कंचन व पायल को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्राचार्य डॉ. जितेंद्र सिंह फोर और महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. उषा दहिया ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, प्रतिभा और समर्पण की सराहना की।



मेहंदी प्रतियोगिता में बनाए गए डिजाइन दिखाती छात्राएं एवं स्टाफ।



साउथ पॉइंट स्कूल में आयोजित मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में मेहंदी रचाती छात्राएं।

### कनिष्का ने रचाई सबसे सुंदर मेहंदी

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल में बृहस्पतिवार को मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और पारंपरिक कला का सुंदर प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी मेहंदी से सजे हाथों ने न केवल स्कूल का वातावरण सुगंधित किया, बल्कि भारतीय संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत की। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने छात्राओं की कला की प्रशंसा की। तीनों कक्षाओं में विजेता रही छात्राओं को पुरस्कृत किया। मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में कक्षा छह में मैरीगोल्ड सदन की भूमिका, कक्षा सातवीं में ट्यूलिप सदन की तनिष्का, कक्षा आठवीं में मैरीगोल्ड कनिष्का प्रथम रही। इस दौरान एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा, कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए।

---



सोनीपत। पूर्ण मूर्ति कैंपस में सुरक्षा उपकरणों के बारे में जानकारी देते हुए।

## आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड में विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरा उत्साह दिखाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा और व्यावहारिक सुरक्षा विषयों पर मॉक ड्रिल के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को भवनों में स्थापित अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जानकारी देकर उनकी कार्यप्रणाली समझाई गई। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन व डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी ने एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। डा. विजयपाल नैन ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अग्नि सुरक्षा व आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता फैलाना है। इस मौके पर फायर सेफ्टी विशेषज्ञ अजय चौहान, मोहित शर्मा, ईशा व विनोद कुमार की टीम ने विद्यार्थियों को फायर सेफ्टी, रेस्क्यू ट्रेनिंग, पर्सनल डिफेंस और सिविल डिफेंस के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर पूर्ण मूर्ति कैंपस के सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल मौजूद रहे।

# शिविर में 156 व्यक्तियों की आंखें जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। रोगियों की आंखों की जांच करते नेत्र चिकित्सक।

सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल कायम करते हुए ठाकुर जी की रसोई व युवा शक्ति क्लब के संयुक्त सौजन्य से लाला जय नारायण धर्मशाला, खरखौदा में एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। सेवक नीरज गुप्ता ने बताया कि ठाकुर जी की रसोई द्वारा प्रत्येक माह के पहले गुरुवार को नियमित रूप से शिविर आयोजित किया जाता है। इस माह श्रीमद् भागवत कथा के शुभ अवसर के कारण यह शिविर आज विशेष रूप से लगाया गया। दिल्ली स्थित वेणु आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने 156 मरीजों की नेत्र जांच की।

**ये रहे मौजूद**

इनमें से 23 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु दिल्ली भेजा गया, जहां उनका ऑपरेशन, रहन-सहन एवं भोजन की संपूर्ण व्यवस्था ठाकुर जी की रसोई द्वारा निःशुल्क की जाएगी। प्रसिद्ध न्यूरोथैरेपी विशेषज्ञ राजू कोच द्वारा 30 मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। जिससे पीड़ित लोगों को दर्द और शारीरिक समस्याओं से राहत मिली। शिविर में क्षेत्र के अनेक समाजसेवी, प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवक उपस्थित रहे। जिनमें धर्मपाल गर्ग, पवन सिंगला, अमित सिंगला, नीरज गुप्ता, पंकज गुप्ता, पुष्पेश गर्ग, धम्मल फौजी, हंसराज अरोड़ा, अमीचंद फौजी, बिजेंद्र जांगड़ा, धर्मेंद्र हलवाई, पीयूष गुप्ता सहित अनेक सेवाभावी सदस्य शामिल रहे।



गोहाना। छात्राओं को शपथ दिलाते चिकित्सकगण। फोटो : हरिभूमि

## मन लगाकर पढ़ाई करें

**गोहाना।** भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज, खानपुर कलां में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 की एमबीबीएस छात्राओं का शपथ ग्रहण एवं कार्य आरंभ समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. जगदीश दुरेजा ने किया। उन्होंने कहा कि छात्राएं कॅरियर निर्माण के लिए सच्ची लग्न के साथ मन लगाकर पढ़ाई करें। निदेशक कहा कि छात्राओं को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और सेवा भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी जाएगी। समारोह में प्राचार्या मंजीत सिंह, डॉ. रेणु गर्ग, डॉ. संगीता, डॉ. सुमिता सेठी, डॉ. सरिता यादव व डॉ. राहुल सैनी सहित अन्य चिकित्सकण मौजूद रहे।

---

*भगत फूल सिंह महिला विवि में रंग-तरंग प्रतिभा खोज कार्यक्रम*

# छात्राओं ने रचनात्मक प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। विजेता छात्राओं के साथ अतिथि व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा रंग-तरंग प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपनी कला, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को प्रदर्शित करने के लिए छात्राओं को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. वरुणा तेहलान दहिया ने की।

कार्यक्रम में छात्राओं ने गायन, नृत्य, कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग व फ्लॉवर अरेंजमेंट गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सोलो डांस हरियाणवी में अंजू ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय और प्राची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस जनरल में तन्नू ने प्रथम, पूजा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस में अंजू ने प्रथम, पूजा ने द्वितीय और रेणु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में निशा ने प्रथम, रेणु ने द्वितीय और दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिबेट में कोमल ने प्रथम और दिव्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में पूनम ने प्रथम, दिव्या ने द्वितीय और प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्ले मॉडलिंग में नीतिका ने प्रथम और दिव्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फ्लावर अरेंजमेंट में दिव्या ने प्रथम, भारती ने द्वितीय और नीतिका को तृतीय स्थान मिला। मेहंदी प्रतियोगिता में दिव्या ने प्रथम, अंजू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग में दिव्या ने प्रथम, नीलम ने द्वितीय और गुंजन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में अंजू ने प्रथम, स्वीटी ने द्वितीय और प्रीति एवं मीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**ये रहे मौजूद**

निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग से प्रो. रवि भूषण व प्रो. शालिनी, समाज कार्य विभाग से डॉ. दीपाली, विधि विभाग से डॉ. अलका, खाद्य एवं पोषण विभाग से प्रो. बीना तंवर, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से प्रो. प्रियंका व शिक्षा विभाग से मनोज ने अपनी भूमिका निभाई। विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. विजय नेहरा और परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंच संचालन का कार्यभार डॉ. गोल्डी गुप्ता एवं उनकी टीम ने किया। इस अवसर पर प्रो. अनु बल्हारा, डॉ. सुशील कुमार, प्रो. प्रिया ढींगरा, प्रो. सरला, डॉ. रीना, डॉ. मोनिका व डॉ. पूनम उपस्थित रहे।



सोनीपत। प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित गणमान्य लोग।

## प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**सोनीपत।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी, सोनीपत ने युवाओं के लिए 'साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड' प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। यह प्रशिक्षण हैबिटेट क्लब, सोनीपत में आयोजित हुआ। सत्र का संचालन डॉ. अमृता रॉय (मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास में पीएचडी, सहायक प्राध्यापक) के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 युवाओं ने भाग लिया। हर वर्ष 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। इस वर्ष का विषय था "सेवाओं तक पहुंचः आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य।" यह विषय इस बात पर बल देता है कि प्राकृतिक आपदाओं, संघर्षों, महामारियों या विस्थापन जैसी परिस्थितियों में लोग मानसिक रूप से गहरे आघात, असुरक्षा और तनाव से गुजरते हैं, इसलिए ऐसे समय में मानसिक सहयोग आवश्यक है।

## खबर संक्षेप


अवशेष न जलाने पर संबोधन देते कृषि पर्यवेक्षक। फोटो : हरिभूमि

### पराली जलाना पर्यावरण के लिए खतरनाक

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और कॉलेज इंचार्ज डॉ. किरण सरोहा और 'राष्ट्रीय सेवा योजना' प्रभारी डॉ पूनम और 'इको क्लब' प्रभारी डॉ. विजयदीप के नेतृत्व में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग खरखौदा द्वारा भूमि,जल एवं पर्यावरण बचाओ फसलों के अवशेष न जलाओ विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ.पूनम यादव ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में कृषि पर्यवेक्षक रघुराज दहिया ने फसलों के अवशेष न जलाने के लाभ और फसल अवशेष जलाने के नुक्सानों और भूमि की उपजाऊ शक्ति के बारे में विस्तार से बताया।

### विश्व दृष्टि दिवस पर नेत्रदान को प्रेरित किया



**गोहाना।** विश्व दष्टि दिवस पर गुरुवार को शहर के पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर में समाजसेवी संस्था आहुति संस्था आहुति के अध्यक्ष गुलशन बजाज व निदेशक बंटी हंस को आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा द्वारा सम्मानित किया गया। नेत्रदान, रक्तदान और देहदान को समर्पित यह संस्था पिछले कई सालों से इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। मुख्य वक्ता गुलशन बजाज ने कहा कि नेत्रदान करके आप किसी की अंधेरी दुनिया में उजाला ला सकते हैं। निधन के बाद पार्थिव शरीर को परंपरा अनुसार पचतत्व में विलीन कर दिया जाता है। कई लोग मरकर भी किसी की अंधेरी दुनिया में उजाला कर जाते हैं। संस्था के निदेशक बंटी हंस ने कहा कि अधर्म पर धर्म की जीत की तरह ही नेत्रदान है जो किसी के अंधेरे जीवन में उजाले का रंग भर देता है।

### सुप्रीम कोर्ट प्रकरण की निंदा

**गोहाना।** हरियाणा प्रदेश चमार महासभा गोहाना द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश बीआर गवई पर जूता फैंकने की घोर निंदा की है। महासभा ने इस मामले को न्यायपालिका पर सीधा हमला करार दिया। मामले के विरोध में महासभा ने गुरुवार को गोहाना के गांधी नगर की गुरु रविदास चौपाल में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता सूबेदार भीम सिंह ने की। महासभा की गोहाना शाखा के अध्यक्ष ओम प्रकाश मेहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मवीर मदीना और प्रदेश प्रवक्ता अशोक बामनिया ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश पर जूता फैंकना घटिया, संकुचित सोच का परिणाम है।

अस्पताल 27 एंबुलेंस: 11 हो चुकी कंडम, 20 की सख्त जरूरत

# मरीजों को राहत : चार एंबुलेंस पहुंची नागरिक अस्पताल, जल्द शामिल होगी

स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी कुछ मजबूती, पूर्व सांसद रमेश कौशिक के कोटे से मिली अस्पताल को एंबुलेंस की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। पूर्व सांसद रमेश कौशिक के सांसद निधि कोटे से स्वास्थ्य विभाग को चार नई पीटीए एम्बुलेंस मिलने जा रही है। जिनमें से चारों अस्पताल परिसर में पहुंच चुकी है। जिन्हें जल्द ही स्वास्थ्य विभाग के बेड़े में शामिल किया जाएगा। इन नई एम्बुलेंस की उपस्थिति से जिले के आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा।बता दें कि जिला स्वास्थ्य विभाग के पास वर्तमान में 27 एम्बुलेंस और अन्य चिकित्सा गाड़ियां हैं, लेकिन इनमें से 11 गाड़ियां कंडम हालत में पहुंच चुकी हैं, जिनका अब भी उपयोग किया जा रहा है। कंडम गाड़ियों का बेड़े में होना विभाग के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रहा है, क्योंकि इनकी मरम्मत में होने वाले खर्च और इनकी क्षमता बेहद ज्यादा आ रही है। इसके परिणामस्वरूप, समय पर आपातकालीन सेवाओं की आपूर्ति में भी दिक्कतें आ रही है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कम से कम 20 नई एम्बुलेंस की आवश्यकता है, जिससे मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सके।

**राहत**

वाहनों की मरम्मत करवाना भी स्वास्थ्य विभाग के लिए चुनौती


सोनीपत। परिसर में खड़ी एंबुलेंस गाड़ियां।

### शहरों के साथ गांवों में स्वास्थ्य नेटवर्क मजबूत होगा

इस संकट को देखते हुए विभाग ने उच्च अधिकारियों को इस बारे में पहले ही अवगत करा दिया था, और इस दिशा में कार्रवाई करने की मांग की थी। पूर्व सांसद रमेश कौशिक ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए यह पहल की थी, और सांसद निधि से मिली इन चार नई एम्बुलेंस को स्वास्थ्य विभाग को देनी की जानकारी मिली है। जिनमें से चारों गाड़ियां पहुंच चुकी है। इन एम्बुलेंस का स्वास्थ्य सेवाओं में जुड़ना एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है, खासकर उन क्षेत्रों के लिए जो दूरदराज और ग्रामीण इलाकों में स्थित है।

### कागजी कार्रवाई के बाद सौंपा जाएगा

बेड़े में चार नई एम्बुलेंस की सेवा में आने से अस्पतालों और चिकित्सा केंद्रों तक मरीजों की तत्काल पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे जीवन रक्षक समय पर सहायता मिल सकेगी। इसके साथ ही, इस कदम से विभाग की आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होने की उम्मीद है। चारों गाड़ियां आ चुकी है। दो गाड़ियों को नागरिक अस्पताल सोनीपत व दो गाड़ियों को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में तैनात किया जायेगा। जल्द कागजी कार्यवाही पूरी करके आमजन के लिए गाड़ियों को उपलब्ध करवा दिया जायेगा।

मांगों को लेकर बनाई रणनीति


नगर निगम कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी।

## आज से सफाई कार्य बंद करेंगे ठेका कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- मांगों को लेकर दिया धरना

*ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ व सहयोग बलि सेना यूनियन का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की जबकि संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया। प्रधान मुकेश टांक ने बताया कि यूनियन का शिष्टमंडल तीसरी बार सोनीपत विधायक निखिल मदान से मिला। उन्होंने पुनः आश्वासन दिया कि जल्द ही मामले पर बातचीत होगी, लेकिन कई दिनों से निरंतर वार्ताओं के बावजूद अब तक कोई ठोस व निष्पक्ष जवाब नहीं मिला है। नगर निगम के उच्च अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। मुकेश टांक ने चेतावनी दी कि यदि हटाए गए सफाई कर्मचारियों को दोबारा काम पर नहीं लगाया गया, तो यूनियन 10 अक्तूबर से शहर में सफाई कार्य पूरी तरह बंद कर देगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के मौसम में सफाई व्यवस्था ठप होने से शहर में गंदगी बढ़ेगी और बीमारियां फैलने का खतरा रहेगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। धरने के समर्थन में आज भी सफाई कर्मचारी अपने नियमित कार्य के बाद दोपहर 12 बजे नगर निगम परिसर पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सावन कुमार, मुकेश कर्मा, अनिल व अन्य मौजूद रहे।*

दूषित पेयजल पीने को मजबूर लोग

## बिजली निगम की लापरवाही से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, कार्रवाई की मांग



**गन्नौर।** देवीलाल चौक पर बिजली निगम की लापरवाही लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। कुछ दिन पहले बिजली निगम द्वारा नए पोल लगाए जा रहे थे। इस दौरान पोल के लिए गड्डा खोदने के लिए ड्रिल मशीन का उपयोग किया गया, जिससे जनस्वास्थ्य विभाग की भूमिगत पानी सप्लाई लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन टूटने के बावजूद न तो बिजली निगम और न ही जनस्वास्थ्य विभाग इसकी मरम्मत करवा रहा है। जिस वजह से पानी सप्लाई के समय पाइपलाइन से पानी सड़क पर बहकर निकल आता है। इससे न केवल सड़क पर कीचड़ और गंदगी फैल जाती है, बल्कि आसपास की दुकानों व घरों मे गंदा पानी पहुंच रहा है। दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने कई बार जनस्वास्थ्य और बिजली निगम दोनों को इस समस्या की सूचना दी, लेकिन अब तक किसी भी विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द टूटी पाइपलाइन की मरम्मत करवाने और सड़क को ठीक कराने की मांग की है।

शिक्षकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहा

## इंटरनेशनल ह्यूमैनिटी ओलंपियाड में प्रताप स्कूल के विद्यार्थी छाए



- अंकुर श्रेणी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रियांशु सैनी ने पहला, दीप्सा दहिया ने दूसरा स्थान स्थान प्राप्त किया

**खरखौदा।** इंटरनेशनल ह्यूमैनिटी ओलंपियाड में साहित्यिक क्षेत्र में कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल की छात्रा तानि ने राज्य स्तर पर भाग लिया। अंकुर श्रेणी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रियांशु सैनी ने पहला, दीप्सा दहिया ने दूसरा स्थान और आदित्य दहिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों का स्वागत प्राचार्या दया दहिया, डॉ दीपिका दहिया, अध्यापिका सुनील व विनोद बाल्याण ने किया। प्राचार्या दया दहिया ने इस अवसर पर विजेता विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रताप स्कूल का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पाठ्येत्तर गतिविधियों का विशेष महत्व है, क्योंकि ये गतिविधियाँ विद्यार्थियों को सृजनात्मक, रचनात्मक और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में मदद करती हैं। प्राचार्या ने कहा कि इस सफलता का श्रेय न केवल विद्यार्थियों को जाता है, बल्कि विद्यालय, शिक्षकों और अभिभावकों के समर्पण और सहयोग का भी परिणाम है।

तीन दिन में 27 सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

## एफडीए की चार दवा कंपनियों में छापेमारी कर कफ सिरप के तीन सैंपल किए सील

- औषधि नियंत्रक अधिकारी संदीप हुड्डा बोले, लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी

**सोनीपत।** औषधि नियंत्रक विभाग (एफडीए) की टीमों ने बृहस्पतिवार को जिले में चार दवा निर्माता कंपनियों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई लगातार तीसरे दिन जारी रही। विभाग ने इस दौरान राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित ब्रॉड एंड रिसर्च नामक दवा कंपनी से कफ सिरप के तीन नमूने सील किए। जांच के लिए इन नमूनों को चंडीगढ़ स्थित क्षेत्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला (आरडीटीएल) में भेजा गया है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत के मामलों के सामने आने के बाद हरियाणा के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त ने प्रदेशभर में औषधियों की सघन जांच के आदेश जारी किए थे। निर्देशों के बाद एफडीए ने राज्यभर में दवा निर्माता इकाइयों और मेडिकल स्टोरों पर व्यापक अभियान शुरू किया है। सोनीपत के औषधि नियंत्रक अधिकारी संदीप हुड्डा और मुंशीराम, फतेहाबाद के अधिकारी अजय बिश्नोई तथा हिसार के अधिकारी धीरज खटक ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। विभाग की चार अलग-अलग टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर जाकर दवा निर्माता कंपनियों की जांच की। एफडीए अधिकारियों ने बताया कि बीते तीन दिनों में कुल 27 नमूने विभिन्न दवा कंपनियों और मेडिकल स्टोरों से सील किए जा चुके हैं। इन नमूनों की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषी पाए जाने वाली कंपनियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विभाग का कहना है कि यह छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि उपभोक्ताओं को निम्न गुणवत्ता या हानिकारक दवाओं से बचाया जा सके। औषधि नियंत्रक अधिकारी संदीप हुड्डा ने बताया कि यह कार्रवाई जनहित में की जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बरदाश्त नहीं की जाएगी।

## कौशल का सही उपयोग कर छात्राएं बना सकती हैं उज्ज्वल भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

कन्या महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और इंचार्ज डॉ. किरण सरोहा के नेतृत्व में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ इंचार्ज डॉ. सुमिता और ब्यूटी एंड वैलनेस विभाग इंचार्ज रिंकी के नेतृत्व में मेहंदी रचाओ और करवा सजाओ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की। करवा सजाओ प्रतियोगिता में ब्यूटी एंड वैलनेस विभाग की 20 छात्राओं ने करवे सजाए और मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में 10 छात्राओं ने भागीदारी की। इस अवसर पर डॉ. किरण सरोहा और स्टाफ सदस्यों ने करवा और मेहंदी का अवलोकन किया और छात्राओं की कला की प्रशंसा की।


छात्राओं द्वारा रचाई मेहंदी दिखते महिला स्टाफ सदस्य।

### मेहंदी रचाओ और करवा सजाओ प्रतियोगिता

निर्णायक मंडल में डॉ. सुषमा और डॉ. शालिनी रही। इस अवसर पर डॉ. किरण सरोहा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की कलात्मक प्रतियोगिताओं में भागीदारी करके छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ रोजगार और स्वरोजगार की तैयारी भी कर सकती है। इस अवसर पर महिला स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं से मेहंदी लगवाई और करवे खरीदकर उनको आत्मनिर्भर बनने में मदद की। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीसीए फर्स्ट ईयर से छात्रा नैंसी ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान तनु ने बीसीए फाइनल ईयर से और तीसरा स्थान छात्रा कोमल (ब्यूटी एंड वैलनेस विभाग) ने प्राप्त किया।

## जेबीएच में प्रेरणा ने रचाई सबसे सुंदर मेहंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

दिल्ली मार्ग पर स्थित जेबीएच सीनियर सेकेंडरी स्कूल में करवाचौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक दूसरे के हाथों पर तरह-तरह मेहंदी के डिजाइन बनाए। इस प्रतियोगिता में सभी छात्राओं को तीन टीमों में बांटा गया। टीम-ए में कक्षा पहली से कक्षा तीसरी तक की लड़कियां, टीम- बी में कक्षा चौथी से कक्षा छठी तक की लड़कियां और टीम-सी में कक्षा सातवीं से कक्षा दसवीं तक की लड़कियों को शामिल किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा तीसरी से प्रेरणा, द्वितीय स्थान कक्षा पांचवी से विधि और तृतीय स्थान कक्षा चौथी से रूही ने प्राप्त किया। स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया । इस मौके पर मंजू दहिया, प्रीती दहिया, कविता पांचाल ,कविता गर्ग, ज्योति शर्मा, पूजा दहिया, ज्योति बरेजा ,अचित्रा पंवार व अन्य मौजूद रहे।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

वार्ड नंबर 2 में 1.38 करोड़ से होंगे विकास कार्य

## विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ

कुछ गलियों का नए सिरे से नव निर्माण किया जाएगा। शहर में अन्य विकास कार्य भी करवाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

वीरवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 2 के संत कबीर सामुदायिक भवन में पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। राज सिंह ने नारियल तोड़कर विधिवत रूप से कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से स्वागत किया।

### आवागमन में सुविधा मिलेगी

विधायक निखिल मदान ने बताया कि सुदामा नगर,कोट मोहल्ला, जमालपुरा और खटीक बस्ती में कई जगह सीवर लाइन और पानी की लाइन बिछाई गई थी जिसके कारण गलियां टूट गई थी, ऐसी सभी गलियों और कुछ गलियों का नए सिरे से नव निर्माण किया जाएगा।

इससे कालोनियों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक निखिल मदान ने तिरंगा चौक के पास महलाना रोड सड़क धंसने के मामले में निगम के उपमंडल अधिकारी के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस मौके पर पदाधिकारी भी मौजूद रहे।


विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक साथ में मेयर एवं अन्य।

### सामुदायिक भवन में प्लास्टर और टाइल्स की रिपेयर का कार्य भी किया जाएगा

वहीं नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि वार्ड नंबर 2 के संत कबीर सामुदायिक भवन में 70 लाख रुपए की लागत से प्रथम तल पर एक नए हॉल का निर्माण किया जाएगा। कुछ क्षेत्र में शेड भी डाली जाएगी। साथ ही सामुदायिक भवन में प्लास्टर और टाइल्स की रिपेयर का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सामुदायिक भवन को वार्ड नंबर 2 के लोग अपने विभिन्न सामाजिक कार्यों में उपयोग में लाते हैं। अब प्रथम तल पर नया हॉल बनने से लोगों को अपने सामाजिक कार्य करने में और ज्यादा सुविधा मिलेगी।

### नगर पार्षद व अन्य रहे मौजूद

इस अवसर पर निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पूर्व वाइस चेयरमैन रविंद्र दिलावर, कर्मवीर, सुरेश, रमेश रंगीला, कृष्ण भोंसले, राज, मास्टर सत्यदेव, मुकेश बहमनिया, नकीन मेहरा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शाहजादपुर से भिगान वाया कामी सड़क का निर्माण शुरू

### विधायक देवेंद्र कादियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान ने शाहजादपुर से भिगान वाया कामी गांव तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह सड़क नाबार्ड योजना के तहत बनाई जाएगी, जिसकी अनुमानित लागत 5 करोड 15 लाख 59 हजार रुपये है। निर्माण कार्य को 6 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया और क्षेत्र की समस्याएं भी उनके सामने रखी। विधायक ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। विधायक कादियान ने कहा कि अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती है। आवागमन की अच्छी सुविधा होने पर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होता है। कहा कि ग्रामीण और शहरी इलाकों में यातायात और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए लगातार पहल की जा रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ अनिल चहल ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर जेई नवनीत, कपिल, सरपंच बलराज नैन, दीपक नैन, अजय, बलबीर आदि मौजूद रहे।

